**केमाशिबो /शैक्ष./उस(मंसिं)/2023** **दिनांक : 25.07.2023**

**परिपत्र संख्या: शैक्षणिक -85/2023**

**केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: केमाशिबो के माध्यम से एनईपी-2020 की तृतीय वर्षगांठ का स्मरणोत्सव - एक बच्चा, एक पौधा अभियान**

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की तृतीय वर्षगांठ मनाने के लिए, केमाशिबो ने ऊर्जा संरक्षण, सामाजिक समारोहों में भोजन की बर्बादी, इलेक्ट्रॉनिक कचरे के खतरों, पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण आदि जैसी पर्यावरणीय चिंताओं पर विद्यालयों और विद्यार्थियों के लिए एक संवेदीकरण अभियान शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसी क्रम में बोर्ड ने 29 जुलाई 2023 से 28 अगस्त 2023 तक सभी विद्यालयों में 'केमाशिबो - एक बच्चा, एक पौधा अभियान' नामक एक संवेदीकरण अभियान एक बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान का भी प्रस्ताव रखा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भी पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर बल देती है, ताकि पर्यावरण शिक्षा, विद्यालय पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बन जाए। अत:, इस पृष्ठभूमि में, यह प्रस्तावित किया जाता है कि सभी विद्यालय निम्नलिखित कार्रवाई शुरू करेंगे:

1. विद्यालयों में ईको-क्लब के माध्यम से बड़े पैमाने पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम जिसमें जल और ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों की बर्बादी की रोकथाम, प्रदूषण नियंत्रण आदि जैसे विषय सम्मिलित हो सकते हैं।
2. प्रत्येक विद्यालय को अपने प्रत्येक विद्यार्थी (सभी कक्षाओं) को, जहां भी सुविधाजनक हो, एक पौधा लगाने के लिए कहना चाहिए, चाहे वह विद्यालय परिसर में हो या घर पर या खेल के मैदानों की सीमाओं में या किसी अन्य स्थान पर जो उनके लिए पहुंच योग्य हो।
3. कक्षा में विभिन्न पर्यावरणीय चिंताओं, वृक्षारोपण के महत्व, संसाधनों के संरक्षण आदि के बारे में चर्चा की जा सकती है। विद्यार्थी लगाए गए पेड़/पौधे की विविधता/प्रजाति, इसके लाभ, इसकी उत्पत्ति, इसकी देखभाल के प्रकार आदि के विषय में भी चर्चा कर सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को गतिविधि से उचित ढंग से जुड़ने में सहायता मिलेगी।
4. विद्यालयों में स्थापित इको-क्लबों के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के एक भाग के रूप में विद्यार्थियों को उनके विकास के लिए पेड़ लगाने और उनका निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है।
5. विद्यालयों को इसी तरह की अन्य गतिविधियों की भी योजना बनानी चाहिए जिससे विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न हो सके।

गतिविधियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट (2-3 फोटो सहित) विद्यालयों द्वारा 31 अगस्त 2023 से पहले निम्नलिखित

लिंक पर अपलोड की जा सकती है:

https://forms.gle/yHvW1Hu4dZj5WkxQ6

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त जानकारी को सभी हितधारकों के बीच प्रसारित करें और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 'केमाशिबो - एक बच्चा, एक पौधा अभियान' में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि उन्हें पर्यावरण के बारे में जागरूक किया जा सके और अभियान को एक बड़ी सफलता मिल सके।

शुभकामनाओं सहित

**डॉ. जोसफ इमानुवेल**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**नीचे दर्शाए अनुसार निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रति:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया,नोएडा-201,309
3. सचिव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110 054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ -160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, । अरुणाचल प्रदेश सरकार ईटानगर -791 111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521 456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसईएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली
14. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली -110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट -110010
16. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव
17. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमाशिबो
18. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजें।
19. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, केमाशिबो

20. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
21. प्रभारी आईटी एकक को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर डाला जाए
22. प्रभारी, पुस्तकालय
23. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**